## समीक्षा बैठक सम्पन्न

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024-25 के तहत विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों को अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्य करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करे। जिला कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा किबीस सूत्री कार्यक्रम के तहत आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं मेलाभान्वित किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे है।

इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारी कार्ययोजना बनाकर सक्रिय रहते हुए कार्य करें तथा प्राथमिकता देकर विभिन्न सूत्रों मेंशत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करें। उन्होने महिला एवं बाल विकास, जिला परिषद, राजीविका, पीडब्लूडी, शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य विभागों को आवंटित लक्ष्यों की बिन्दुवार समीक्षा की एवं आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिये। बैठक मे सीपीओ प्रकाश चंद मीना ने विभिन्न विभागों को वर्ष 2024-25 मे आवंटित किये गये लक्ष्यों के बारे मे जानकारी दी एवं पूर्व वित्तिय वर्ष मे प्राप्त लक्ष्यों के बारे मे भी जानकारी दी।

# मंदिर माफी भूमि पर मौजूद 12 अवैध दुकानों को किया गया ध्वस्त

**गंगापुर सिटी ।** अतिक्रमण के विरुद्ध राज्य सरकार की जीरो टोलरेंस नीति के तहत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी के निर्देशन में मंगलवार को गंगापुर सिटी के उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह के नेतृत्त्व में ग्राम बाढ सलोदा में मंदिर माफी की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया।

उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि ग्राम बाढ सलोदा के खसरा नंबर 134 रकबा ०.65 हे. में बनी हुई लगभग 12 अवैध दुकानों को ध्वस्त कर अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में अतिक्रमणयो को पूर्व में धारा 91 के नोटिस जारी किये जाकर विधिवत सुनवाई का अवसर दिया जा चूका है। परंतु अतिक्रमणी गिरीश चंद्र पुत्र घनश्याम गुप्ता, चंद्रप्रकाश पुत्र लखन लाल गोयल, बंटी पुत्र हरि, गौरव कुमार पुत्र कैलाश गुप्ता, लखन्ती पत्नी मुकेश कुमार मीणा एवं महिपाल निवासी दूध की देरी द्वारा उक्त अतिक्रमण को नहीं हटाया गया जिस पर उक्त कार्रवाई करते हुए प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे को हटवा दिया गया। उप जिला कलेक्टर ने बताया कि राजस्व नियमों एवं अधिनियमों के उल्लंघन के प्रति राज्य सरकार सख्त है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अवैध अतिक्रमण से सम्बंधित मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अख्तियार करने के निर्देश दिए गए हैं जिनकी अनुपालना में पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्यवाही की जा चुकी है और आगे भी जारी रहेगी। उप जिला कलक्टर ने आम नागरिकों से सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण नहीं करने की पुन: अपील की ताकि जिला प्रशासन को अतिक्रमण के लिए उनके विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु बाध्य नहीं होना पडे। साथ ही उन्होंने गैर मुमकिन पाल, मंदिरमाफी, शमशान, सिवायचक एवं चारागाह आदि सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखने का जिलेवासियों से आग्रह किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा उक्त मन्दिर माफी भूमि से ०2 जेसीबी लगाकर अवैध कब्जे को हटवा दिया गया। कार्यवाही के दौरान मौके पर तहसीलदार सुधारानी मीणा, भू-अभिलेख निरीक्षक धर्मेन्द्र मीना, सम्बंधित पटवारी सहित पुलिस के जवान व महिला जाप्ता आदि मौजूद रहा।



मंदिर माफी जमीन से अतिक्रमण हटवाते प्रशासनिक अधिकारी।

## अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया

**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 30 जुलाई मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि सच्ची मित्रता आपसी विष्वास की नींव पर टिकी होती है। सच्चा मित्र विपत्ति के समय भावनात्मक संबल प्रदान करता है। मित्रता एक अद्भुत नाता है, जो हमारी खुशी में चार चाँद लगाता है तथा दुख को कम करता है। सच्चा मित्र विपत्ति के समय चट्टान और खुशी के समय सुहावना उपवन है। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि मित्र हमारे जीवन प्रवाह को आसान बना देता है। मित्रता एक ऐसी खुशबू है जो हमारे जीवन को महकाती है। डॉ. मोहित कुमार ने कहा कि मित्रता में आपसी हँसी-मजाक होती है, गंभीर चर्चायें होती है, एक-दूसरे की सलाह लेते है व देते है तथा एक दूसरे के लिए गहरी समझ होती है। डॉ. विनोद भटेष्वर ने कहा कि मित्रता हमारे जीवन के अधूरेपन को परिपूर्णता में बदलती है तथा हमारा अकेलापन दूर होता है। आजकल यह कहा जाने लगा है कि बाप-बेटे, पति-पत्नि या अन्य रिश्तों में भी मित्रवत व्यवहार होना चाहिए यानी कि मित्रता समानता का प्रतीक है, इस रिश्ते में खुलापन है, यहां किसी बात को कहने में कोई झिझक नही होती है।

## सार-समाचार

### कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते राशन डीलर।

**गंगापुर सिटी ।** राशन विक्रेताओं ने भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन छेड दिया है। राशन विक्रेताओं ने विक्रेताओं को 30 हजार रुपए प्रति महीना मानसिक मानदेय देने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को ज्ञापन सौंप कर मांगों को पूरा करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो राशन डीलर 1 अगस्त से हडताल पर जाएंगे। जिला अध्यक्ष केदार लाल मीणा ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री को 9 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया था, लेकिन न तो सरकार ने और न ही खाद्य विभाग के अधिकारियों ने अब तक उनकी मांगों पर संज्ञान लिया है और न ही कोई कार्रवाई की है। इसके कारण राशन विक्र्रेताओं में आक्र्रोश है। राशन विक्र्रेताओं ने उन्हें प्रतिमाह 3० हजार मासिक मानदेय देने गेहूं पर दो प्रतिशत छीजत दिलाने की मांग की है। डीलरों का कहना है कि एफसीआई की ओर से जो गेहूं आता है, उसमें काफी कम मात्रा में वजन होता है। इसके अलावा पिछले 6 महीने का राशन विक्र्रेताओं का केंद्र द्वारा दिया गया कमिशन और राज्य सरकार द्वारा दिया गया कमीशन अभी तक नहीं मिला है जिससे राशन विक्र्रेताओं का शोषण हो रहा है। इसलिए कमीशन को दिलाया जाए, साथ ही आधार शिडिंग की राशि, प्रवासी योजना के तहत वितरण कराए गए गेहूं का कमीशन, ईकेवाईसी का सीडिंग का मेहनताना भी दिलवाया जाए, जबकि ई मित्र वाले आधार कार्ड अपडेट करने के 100-150० रुपए चार्ज वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो आगामी 1 अगस्त से पूरे प्रदेश में राशन विक्र्रेताओं के द्वारा किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया जाएगा। जिसकी सभी जिम्मेदारी राज्य सरकार और विभाग की होगी।

### उप तहसील बनाये जाने की मांग

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव को वैर विधायक बहादुर सिंह कोली द्वारा विधानसभा की प्रक्रिया के नियम 295 के तहत पत्र लिखकर विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से सरकार का ध्यानाकर्षित करते हुए पथैना को उप तहसील बनाये जाने की मांग की गई। विधायक बहादुर सिंह कोली ने पत्र में अवगत कराया की विधान सभा क्षेत्र वैर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पथैना है। जोकि जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग से 6 किलोमीटर वैर के विपरीत दिशा में स्थित हैं। यहां के निवासियों को तहसील संबंधी जुड़े प्रशासनिक, सामाजिक और जनहित से जुड़ें कार्यों के लिए हलैना, वैर तथा भुसावर जाना पड़ता है। क्षेत्र के निवासियों को आवागमन हेतु कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं और यातायात के साधनों को बार-बार बदलना पड़ता हैं। जिसके कारण समय और धन दोनों की बार बर्बादी होती हैं। चूंकि पथैना एक ऐतिहासिक गांव हैं जिसका अनूठा हैं और प्राचीन है। इतिहास के पन्नों में पथैना का स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हैं और पथैना एक ऐसा क्षेत्र हैं जिसने अंग्रेजों को लगान नहीं दिया था। ऐतिहासिक गांव आज मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। पथैना की आबादी लगभग 10 हजार से ज्यादा है एवं इसके आस पास तकरीबन एक दर्जन से अधिक गांव है। जिनको प्रशासनिक कार्यों हेतु अन्यत्र जाकर परेशानी का सामना करना पढ़ता हैं। उप तहसील के बनने से इस क्षेत्र के सभी किसानों के नक्शा, बंटवारा, सीमांकन, खाता विभाजन, राशन कार्ड संबंधित समस्याओं का निराकरण, अतिक्रमण, राजस्व नकल, मिसल, ऋण पुस्तिका, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आदि जैसे समस्याओं का निवारण किया सुलभ और सरल तरीके से किया जा सकेगा।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** नगर निगम भरतपुर में भरतपुर शहर की जन समस्याओं के समाधान के विषय में चर्चा के लिए पार्षदों की आपसी बैठक आयोजित की गई। जिसमें भरतपुर शहर की सफाई कंपनी की लापरवाही यूडी टैक्स की अनियमितता निर्माण के लिए फंड न होना और जो कार्य चल रहे हैं उनकी गुणवत्ता खराब होना लाइटें बंद पडी है आवारा गोवंश सांड बंदर शहर में तांडव मचा रहे पार्षदों की नगर निगम कर्मचारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है। इन सब विषयों पर चर्चा की चर्चा के बाद कमिश्नर को बुलाकर उनके संज्ञान में डाला और 7 दिन में साधारण सभा की बैठक बुलाने की लिए ज्ञापन दिया गया। अगर 7 दिन में बैठक नहीं बुलाई तो आठवें दिन सभी पार्षद नगर निगम प्रांगण में एकत्रित होंगे और शहर की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेंगे। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष रूपेन्द्र जघीना, श्यामसुन्दर गौड, मोती सिंह, भूपेन्द्र चंदा पण्डा, सुरजीत चौधरी सहित काफी संख्या में पार्षद मौजूद रहे।

### प्रतिभाओं का सम्मान किया

**भरतपुर ( निस )।** जिला जाट समाज कल्याण परिषद द्वारा मंगलवार को होटल सन इन स्टार में आयोजित हुये राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की चार प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नेमसिंह फौजदार थे। परिषद के जिला महामंत्री यदुवीर फौजदार के अनुसार समारोह में आईपीएस अधिकारी कपिल चौधरी, आईएफएस पंकज चौधरी, वैज्ञानिक गजेन्द्र परिमार एवं योगेन्द्र परिमार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फौजदार ने समाज की एकता पर बल दिया तो कार्यक्रम संयोजक डॉ. तेजसिंह फौजदार ने कहा कि परिषद द्वारा शीघ्र ही एक और कार्यक्रम का आयोजन कर समाज के प्रतिभावान खिलाडियों का सम्मान किया जावेगा।

## स्वायत्त शासन विभाग को ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर ( निस )।** कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री कार्यालय जयपुर राजस्थान सरकार के निदेशक स्वायत्त शासन विभाग को अलग अलग दिये गये ज्ञापन में मांग की है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत राज्य सरकार के संदर्भित आदेश पर पुन: विचार कर अभियान के दौरान प्राप्त पत्रावलियों के रियायती दर पर 69ए के पट्टे दिलाने हेतु समयावधि बढाते हुए संशोधित गाईड लाइन जारी करने की मांग की गई है। ज्ञापन में सरकार को अवगत कराया किं नगर निगम प्रशासन भरतपुर की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण कच्चे डंडे की 1641 पत्रावलियों में से 816 पत्रावलियों का अभियान के दौरान एक वर्ष के अन्तराल में कोई भी कार्यवाही नहीं करने के कारण लोगों को रियायती दरों पर मिलने वाले पट्टों से वंचित होना पड रहा है। जिन पत्रावलियों का पट्टा शुंल्क जमा हो चुका है उनको आज तक पटटे नहीं दिये गये हैं एवं जिन पत्रावलियों की आपत्तियों का निस्तारण हो चुका है उन पत्रावलियों को भी सक्षम कमेटी की बैठक से स्वीकृत नहीं कराया गया जिसके कारण कच्चे डंडे पर रहने वाले लोग पट्टों से वंचित हुए हैं यह गलती नगर निगम प्रशासन भरतपुर गलतियों का दुष्परिणाम भुगत रहे है।

ज्ञापन में आगे कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की पट्टे देने की स्वीकृति एवं गलत तथ्यों के आधार पर बतायी गई जलडूब क्षेत्र की तहसीलदार की रिपोर्ट आबादी की होने एवं अन्य प्रकरणों सहित 300 आवेदकों का पट्टा शुल्क विधानसभा चुनाव 2023 से पूर्व जमा चुका है।

# जिला कलेक्टर ने लोहागढ़ स्टेडियम का निरीक्षण किया

> ■ अग्निपथ योजना के तहत सेना अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 19 से 26 अगस्त तक जिला मुख्यालय के लोहागढ़ स्टेडियम में किया जाएगा

**भरतपुर ( निस )।** अग्निपथ योजना के तहत सेना अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 19 से 26 अगस्त तक जिला मुख्यालय के लोहागढ़ स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें 6 जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। भर्ती की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने आयोजन स्थल लोहागढ़ स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। इस दौरान सेना भर्ती निदेशक कर्नल आलोक रंजन सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग सेना भर्ती रैली के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं गुणवत्ता के साथ समय पर पूरी करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई, पेयजल, बिजली, हाई मास्क लाइट की व्यवस्था करने के साथ ही बारिश के मौसम को देखते हुए पानी निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ट्रैक का निरीक्षण कर संबंधित फर्म को ट्रैक का कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए साथ ही ट्रैक पर अनावश्यक प्रवेश पर रोक लगाने को कहा। उन्होंने खेल अधिकारी को ट्रैक व ग्राउंड के संबंध में समस्त तैयारियों को तय समय में पूर्ण करने के लिए सेना के अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने इस दौरान इंडोर खेल स्टेडियम का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, यूआईटी सचिव ऋषभ मण्डल, नगर निगम आयुक्त रिछपाल सिंह बुरडक, एसीएम ओमप्रकाश मीणा, खेल अधिकारी अभिषेक सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं सेना भर्ती कार्यालय अलवर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण किया

**भरतपुर ( निस )।** आजाद सेवा समिति ने गाँव सूरौता में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। आजाद सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन सूरौता ने बताया कि गाँव सूरौता स्थित शिव मंदिर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण हेतु गाँववासियों को जागरूक किया गया एवं अधिकाधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन राजवीर हवलदार ने किया। विचार गोष्ठी के पश्चात 51 पौधे रोप कर वृक्षारोपण किया और वृक्षों की देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जवाहर मास्टर ने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं जो मानव जीवन के लिए सर्वाधिक जरूरी है इसलिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए एवं वृक्षारोपण हेतु लोगों को प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर रेशम सिंह, नरेंद्र, सत्य प्रकाश, वीरो, कालू, सूरज, भरतो भगत, नेत्रपाल, श्यामवीर, मुनेश आदि मौजूद रहे।

# भरतपुर और डीग जिले के विकास के लिए बजट में दी सौगात

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर और डीग जिले के विकास के लिए बजट में दी गई सौगात भरतपुर विकास न्यास को क्रमोन्नित कर बनाया भरतपुर विकास प्राधिकरण, आरडी गर्ल्स कॉलेज मैं खोले जाएंगे पीजी में विज्ञान एवं कॉमर्स के विषय, नदबई में विभिन्न सड़क निर्माण कार्य 18 करोड़, अटारी से गगवाना, पिंगोरा से गगवाना सीसी सड़क निर्माण कार्य 3.60 करोड़, सेमली - नगर 13 केपी जीएस तथा जयश्री -डीग 33केवी जीएस, खखावली - नगर आयुर्वेदिक औषधालय दत्तात्रेय मंदिर कुम्हेर विकास कार्य,गोकला जाट पैनोरमा , राजा खेमकरण पैनोरमा, पीएचइडी कार्यालय नगर जैसी अनेक सौगातो के लिए भारतीय जनता पार्टी जिला भरतपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास जवाहर नगर भरतपुर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर खुशी जाहिर कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया एवं बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से जिला सचिव संतोष कटारा, प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कौशिक ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवानी दायमा, जिला महामंत्री बृजेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह, लोकसभा सह संयोजक भगवानदास शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, अभयवीर सिंह सोलंकी, लाखन पहलवान, श्याम कटारा, सोशल मीडिया प्रभारी दीपेंद्र गणेशीय, संभाग मीडिया प्रभारी नरेश सेन, आशीष खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अनहा, प्रेमपाल सिंह, जगत गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंघल ,उमाशंकर शर्मा, मुकेश सिंघल, पार्षद चंदा पंडा ,शम्मी, सुंदर सिंह ,चतर सिंह सैनी, पप्पू राणा, तेजवीर मीणा, दीपक मुद्गल एडवोकेट, आर पी शर्मा, हरिदत्त शर्मा, अनिल लोहिया, जगदीश लवानिया, डॉ सुभाष शर्मा, जगदीश कामबार, राजवीर झीलरा, अनिल गोयल, गिरीश भारद्वाज ,सौरभ पाराशर ,आकाश हथेनी, भूपेंद्र भदावली, भोलू सिंह, रूप सिंह कैन, गजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



## जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**करौली( नि.स. )।** करौली जिले के राशन विक्रेताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर राशन विक्रेताओं को प्रतिमाह मासिक मानदेय 30 हजार रुपए एवं गत महीनो का कमीशन दिए जाने की मांग की। राशन विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु कौशिक,मोहम्मद शाकिर,जमनालाल जाटव सहित दर्जनों की संख्या में आए राशन विक्रेताओं ने जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गत माह हमारे द्वारा आपके माध्यम से मुख्यमंत्री को 9 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था परंतु ना तो सरकार ने और ना ही खाद्य विभाग के अधिकारियों ने हमारी उक्त मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया। इस कारण विवस होकर एक बार फिर ज्ञापन देकर राशन विक्रेताओं को प्रतिमाह 30हजार रुपये मानदेय निश्चित किए जाने,गेहूं पर 2 प्रतिशत छीजत दिए जाने, 6 माह से राशन विक्रेता का केंद्र सरकार द्वारा दिया गया कमिशन व राज्य सरकार द्वारा दिया गया कमीशन प्राप्त नहीं हुआ है जिसे दिलाया जाए, आधार सीडिंग कि राशि प्रवासी योजना के तहत वितरण कराए गए गेहूं का कमिश्न एवं केवाईसी का सीडिंग का मेहनताना भी दिया जाए जबकि ईमित्र वाले आधार कार्ड अपडेट के 150 रुपए तक चार्ज कर रहे हैं।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राशन विक्रेताओं की स्थिति काफी दयनीय हो गई है शालाओ के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं बच्चों कि फीस, किताबें अभी तक विक्रेता उपलब्ध नहीं करा पा रहा है ऐसी स्थिति में हमारे बच्चे शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं।

# जिला कलेक्ट्रेट भरतपुर पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा




ज़िला कलेक्ट्रेट भरतपुर पर प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**भरतपुर ( निस )।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में राजस्थान प्रदेश में लगातार बढ़ रहे दलितों, आदिवासियों गरीबों, श्रमिकों और उपेक्षितों पर जुल्म की घटनाओं के विरोध में ज़िला कलेक्ट्रेट भरतपुर पर प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें जॉन इंचार्ज मोहन सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा शासन में भी कांग्रेस की तरह लगातार दलित, आदिवासी व कमज़ोर वर्ग पर अन्याय अत्याचार की घटनाएं हो रही है और राज्य सरकार प्रभावी भूमिका नही निभा पा रही है।

कहा कि राज्य की भाजपा सरकार में दलित सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश में दलितों पर आए दिन अत्याचार हो रहा है। अभी हाल ही के महीने में सलूंबर जिलें के दलित समाज के अध्यापक शंकर लाल की तलवार से गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

जालौर जिलें पिछड़े वर्ग के बसपा के 2013 के प्रत्याशी रहे विजय देवासी की घर के सोते हुए बेरहमी से हत्या आदि घटनाएं जो प्रत्येक दिन घटित हो रही है। दलितों मजदूरों पर अन्याय अत्याचारों की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कठोर कदम उठाने चाहिए। जिससे जुल्म करने वाला अपराधी जुल्म करने से पहले सौ बार सोचें उनको शासन प्रशासन का डर होना चाहिए। जिलाध्यक्ष मोती सिंह ने कहा कि भाजपा कांग्रेस दलितों की वोट के लिए राजनीति तो कर सकती है लेकिन न्याय नही कर सकती हैं।

पिछली वर्ष उदयपुर जिले के कन्हैया दर्जी की हत्या हुई थी तो शासन प्रशासन ने आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया व 50 लाख से अधिक का आर्थिक सहयोग दिया गया। व सभी हिंदूवादी संगठनो ने न्याय की आवाज़ उठाई जबकि किसी दलित की हत्या होती हैं तो न तो आरोपी गिरफ्तार होते हैं और न ही आर्थिक सहयोग दिया जाता हैं।

इस मौके पर मोहन सिंह गुर्जर, सोरन सिंह दीनबंधु, मोती सिंह पार्षद, राजेन्द्र सिंह सोना, वीरपाल सिंह, अनूप कोरवाल, मदन मोहन भंडारी, प्रेम सिंह अंबेश, सुखदेव प्रसाद, निरंजन सिंह भारतीय, विश्मबर राठी, मोनू सिंह होडलिया, सतीश कुमार जाटव, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## भरतपुर संभाग में खुशी की लहर

**भरतपुर ( निस )।** जघीना मोड पर स्थित चिरंजी टावर पर सोगरिया समाज कल्याण समिति व वीर शिरोमणि राजा खेमकरण स्मारक समिति की बैठक इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा वीर गोकुला जाट एवं वीर शिरोमणि राजा खेमकरण सोगरिया के पेनोरमा बनाने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। समिति के महामंत्री श्याम सिंह जघीना ने बताया कि सोगरिया समाज कल्याण समिति के एक प्रतिनिधि मण्डल ने लोकसभा निर्वाचन से पूर्व मुख्यमंत्री से इन दोनों महान पुरूषों का पेनोरमा बनाने की मांग की थी। जिस पर सकारात्मक कार्यवाही करते हुए मुख्यमंत्री ने यह एतिहासिक कदम उठाकर उत्तर भारत के जाटों की भावना के अनुरूप बजट में पेनोरमा बनाने की घोषणा की है। जिससे उत्तर भारत का जाट समुदाय व सर्वजातीय समुदाय हर्षित एवं उल्लासित है और मुख्यमंत्री का हृदय की गहराईयों से आभार व्यक्त करता है। समिति ने यह निर्णय लिया कि एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनन्दन किया जावे। आज की बैठक में पूर्व प्रधान निहाल सिंह, जगवीर सिंह ठेकेदार, राजू ठेकेदार जघीना, भूरा सिंह सोगर, लाखन पहलवान, गंभीर सिंह पूर्व सरपंच तुहिया व अन्य सभी गणमान्य ने मुख्यमंत्री के प्रति इस ऐतिहासिक घोषणा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## समीक्षा बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** जिला मुख्यालय पर अगस्त माह में प्रस्तावित सेना भर्ती रैली की तैयारियों की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, सेना भर्ती निदेशक कर्नल आलोक रंजन सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि सेना भर्ती रैली का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित लोहागढ स्टेडियम में किया जायेगा। सेना भर्ती रैली के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं में सम्बंधित विभाग गुणवत्ता के साथ तैयारी पूरी करते हुए समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती रैली में 6 जिलों से अभ्यर्थी आयेंगे उन्हें आवागमन, रहवास, भोजन आदि की व्यवस्था में सम्बंधित अधिकारी सेना भर्ती कार्यालय से संवाद रखते हुए समय पर पूरी करें। उन्होंने कहा कि एम्बूलेंस मय चिकित्सकों की व्यवस्था, ई-मित्र, शामियाना, कूलर-पंखे, लाइटिंग, हाईमास्क लाईट, कचरा प्रबंधन हेतु डस्टबिन, इंटरनेट, पेयजल एवं शौचालय, भर्ती स्थल तक मार्गदर्शक पट्टिका की उचित व्यवस्था रखी जाये। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती के दौरान भर्ती स्थल में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी जिसके लिए उपयुक्त पॉइन्ट्स को चिन्हित कर समय पर सीसीटीवी लगवाया जाना सुनिश्चित करें। नगर विकास न्यास आवश्यक तैयारियां में सहयोग करें तथा नगर निगम नियमित सफाई के लिए विशेष टीम तैनात करें। उन्होंने अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के लिए शिक्षक नियुक्त करने तथा दौड़ के लिए ट्रैक निर्माण में खेल अधिकारी को सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के आवागमन के लिए रोडवेज पर्याप्त बसों की व्यवस्था रखें जिससे आने जाने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए जसवंत प्रदर्शनी मैदान में लगाए जाने वाले रैन बसेरों में समन्वय के साथ उचित व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करें। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेना भर्ती रैली के दौरान सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करते हुए दिए गए दायित्वों को समय पर पूरा करें। अभ्यर्थियों के जिले में प्रवेश से लेकर भर्ती रैली से वापिस जाने तक सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन की पुख्ता व्यवस्था की जाये। उन्होंने भर्ती रैली स्थल लोहागढ़ स्टेडियम में सेना भर्ती कार्यालय से समन्वय कर बेरिकेटिंग, अलग-अलग ब्लॉक निर्माण एवं लाइटिंग व्यवस्था के सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने 19 अगस्त को रक्षाबंधन के मद्देनजर अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त ट्रांसपोर्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निदेशक सेना भर्ती कार्यालय अलवर कर्नल आलोक रंजन ने बताया कि 19 से 26 अगस्त तक लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में सेना अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जनरल ड्यूटी से लेकर विभिन्न ट्रेड में अभ्यर्थी भाग लेंगे।


## कार्यालय उप वन संरक्षक, भरतपुर

क्रमांक: एफ/( ) स्टोर/उवसंभ/2024-25/6820 दिनांक: 30.07.2024

**निविदा सूचना 08/2024-2025**

इस वन मण्डल अधीन वर्ष 2024-25 में रेंज बयाना अन्तर्गत झील का बाडा में तैयार की जा रही लवकुश वाटिका हेतु प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य कराया जाना है। अत: सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं अन्य राजकीय विभागों से निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत संवेदकों से सील बंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय विनिर्माताओं/सक्षम श्रेणी के संवेदकों से सील बंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित शर्ते https://.sppp.rajasthan.gov.in/ एवं विभागीय बेवसाइट पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 08.08.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक एवं अनुमानित लागत-285000/- रूपये है।

कार्य का नाम- Luvkush vatika Eantry Gate Contruction jheel ka bada Bayana

NIB CODE:- FOR2425A0497

UBN No:- FOR2425GSOB00667

( जी.के. वर्मा )

उप वन संरक्षक,

भरतपुर